हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

14 10 हजार चूजों का वातानुकूलित मुर्गी फार्म चला रही मां ...



14 कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों ने सीखा कठपुतली...





# अफीम की खेती के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में अफीम की अवैध खेती के मुद्दे पर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कांग्रेसियों ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ हल्ला बोल करते हुए नारेबाजी की और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कई जगहों पर बैरिकेडिंग करनी पड़ी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस नशे के कारोबार पर रोक नहीं लगाई, तो उनका आंदोलन और भी उग्र होगा।

साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग भी जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने की। जिले के पुलिस कप्तान को भी स्पष्ट कहा कि जिले के संदिग्ध फार्म हाउसों की भी जांच होनी चाहिए। वरना जिला कांग्रेस कमेटी स्वयं जांच करने पहुंचेगी।






**जिले के संदिग्ध फार्म हाउसों पर उठी उंगलियां, कहा प्रशासन जांच करे नहीं तो कांग्रेसी करेंगे खुलासा**

### घेराव में यह रहे मौजूद

भाजपा कार्यालय घेरने प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव (विधायक खल्लारी), पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, ग्रामीण अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, खेमराज सिन्हा, भूपेंद्र ठाकुर, अरुण चंद्राकर, मनोजकांत साहू, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, हरदेव ढिल्लो, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, पार्षद गुलशन साहू, पार्षद रिंकू चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, हुलास गिरी गोस्वामी, प्रदीप चंद्राकर, लखबीर छाबड़ा, जसबीर ढिल्लों, सचिन गायकवाड़, मिंदर चावला, सोनम बंसोड, डॉ. तरुण साहू, अंकित बागबाहरा, मोक्ष प्रधान, तबरेज खान, गोपी तारक, गौरव चंद्राकर, ब्रिजेन बंजारे, ममता चंद्राकर, विजय साव, सूरज नायक, टोमन सिंह कागजी, नितेंद्र बैनर्जी, शहजान पाशा, देवेश शर्मा, सतनाम चावला, अनीश रजवानी, बबलू हरपाल, दीपक ठाकुर, राजू साहू, लहरी सिंह ठाकुर, पप्पू साहू, अनुराग चंद्राकर, लोकेश मांझी, रमन सिंह, आशीष दीवान, हार्दिक सोना, खोम सिंहा, फूल सिंह ध्रुव, दुष्यंत होता, हराधन साहू, लोकेश यादव, भोलेनाथ गंधर्व, खोमेश साहू, जयश्री दास, बसंत चंद्राकर, गुन सागर, भानु सोनी सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता सामान्य



**महासमुंद।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू उपलब्धता एवं आपूर्ति बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने संबंधित अफसरों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घरेलू एलपीजी की उपलब्धता अभी सामान्य है। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों एवं ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की नियमित बैठक लेकर घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता तथा दैनिक आवश्यकता की समीक्षा की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, चार घायल

**महासमुंद।** ग्राम बोईरगांव चट्टानपारा मोड़ में एक ट्रैक्टर के पलटने से उसमें एक युवती की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। मामले की विवेचना कोमाखान पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि 11मार्च को भोथा निवासी अनिता ठाकुर, दुष्यंत ठाकुर एवं गांव के तेजराम ठाकुर, पुनेश्वरी ठाकुर ग्राम टेंगराही के ट्रैक्टर क्रमांक ओडी 26 बी 8438 के बैठकर ग्राम भोथा से ग्राम जुनवानी (ब) मकान ढलाई काम में जा रहे थे। ट्रैक्टर को मनीष ठाकुर चला रहा था। करीबन 10.30 बजे ग्राम बोईरगांव चट्टान पारा मोड़ में ट्रैक्टर चालक मनीष ठाकुर द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर में दबने से अनिता ठाकुर की मौत हो गई, वहीं दुष्यंत ठाकुर एवं गांव के तेज कुमार ठाकुर, पुनेश्वरी ठाकुर, मनीष ठाकुर को चोटें आई। मृतका के पिता उदेराम ठाकुर की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,125 (ए),106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### प्लेन और मशाला शराब बरामद

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक आरोपी के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बम्हनी में एक व्यक्ति अपने घर के बाजू जलाऊ लकड़ी के पास देशी प्लेन और देशी मशाला शराब बिक्री करने के लिए रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी गेंदराम सोनवानी पिता स्व राजकुमार सोनवानी (33 साल) निवासी वार्ड नं0 11 ग्राम बम्हनी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1440 रुपये एवं 42 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 4200 रुपए कुल कीमत 5640 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



### पुराने लेनदेन को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुराने लेनदेन के लेकर हुए विवाद में बसना थाने में दो आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। बसना के वार्ड नंबर निवासी हिमांशु अग्रवाल और उसके पिता संतोष कुमार अग्रवाल के साथ 10 मार्च की सुबह उसके पड़ोस में रहने वाले पंकज अग्रवाल और उसकी पत्नी सरिता अग्रवाल ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की दादी लक्ष्मीबाई अग्रवाल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**मनमानी :** शहर के मुख्य मार्ग से रोज गुजर रहे रफ्तार से वाहन

# हेलमेट पर चालान और ओवरलोड ओवरस्पीड वाहनों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शहर के मुख्य मार्गों से रोज गुजर रहे भारी वाहन, बाजार और रिहायशी इलाकों में भी तेज रफ्तार

शहर में ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहनों की आवाजाही पर न तो प्रतिबंध है न भारी वाहनों द्वारा नियमों की अनदेखी किए जाने से कोई कार्रवाई पुलिस और यातायात विभाग द्वारा की जा रही है। वहीं शहर के भीतर संतुलित गति में वाहन चलाने वाले दोपहिया चालक चालान के तुगलकी कानून से परेशान हैं। शहर के मुख्य मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में तेज रफ्तार में भारी वाहन गुजर रहे हैं, जिनमें कई वाहन क्षमता से अधिक माल लादकर तेज रफ्तार में शहर के भीतर से निकलते देखे जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। खासकर बाजार क्षेत्र, स्कूलों और रिहायशी इलाकों में भी भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं। खास कर रात में चलने वाली रेत से भरी वाहनें शहर के विठोबा टाकीज चौक, अंबेडकर चौक, बग्गा चौक, स्वामी चौक, नेहरु चौक और बरोंडा चौक से और तेजी से गुजरती हैं। इन चौराहों पर दोनों ओर से कोई सामने आए तो दुर्घटना होना तय है। राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के साथ चार पहिया वाहन भी भारी वाहनों से लगातार ठोकर का शिकार हो रहे हैं।



**सर्वाधिक खतरा ओवरब्रिज के मुहाने पर**

शहर वासियों के लिए तुमगांव मार्ग पर बना ओवरब्रिज जहां लोगों के लिए सुविधा का पर्याय बना है वहीं शहर की ओर इसके मुहाने पर रोज ट्रैफिक जाम होता है। यहां पर रायपुर रोड की ओर से तुमगांव की ओर जाने वाली बड़ी वाहने बस या ट्रक अक्सर मुड़ नहीं पाती और दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती है।

**सख्त कार्रवाई का अभाव**

नागरिकों की मानें तो कई बार इस संबंध में शिकायत किए जाने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से नियमित जांच या सख्त कार्रवाई नजर नहीं आती। विभाग द्वारा केवल शहर के बाहर चालानी कार्रवाई और वसूली में फोकस रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार ओवरलोड वाहनों के कारण सड़कों को भी भारी नुकसान होता है, जिससे सड़कें जल्दी खराब हो जाती हैं। वहीं तेज रफ्तार वाहन शहर में दुर्घटनाओं की आशंका को और बढ़ा रहे हैं।

# ओडिशा से गांजा तस्करी दुर्ग के 4 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और जिले की पुलिस ने गांजा के अवैध परिवहन के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट की धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग की जा रही है, इसी दरमियान सूचना मिली कि एक सुजुकी डिजायर कार क्रमांक सीजी 07 सीडी 9986 में ओडिशा की ओर से अवैघ मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे है, सूचना पर एनएच 53 रोड रेहटीखोल पहुंच कर नाकाबंदी किये, कुछ सूचक के बताये अनुसार सुजुकी डिजायर कार आती दिखी। पुलिस ने वाहुन को रोककर चालक से पूछताछ की, जिसने अपना नाम सोनू सिंह पिता स्व अमृत सिंह (33 साल) कैंप 2 पावर हाउस जेपी चौक थाना छावनी जिला दुर्ग छग व बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजेश तगडे पिता चिंतामणी तगडे (26 साल) पावर हाउस शारदापारा तालाब कैंप थाना छावनी जिला दुर्ग छग, बीच में बैठे व्यक्ति अपना नाम विक्रम सिंह पिता स्व मंगल सिंह (45 साल) भिलाई पावर हाउस जेपी चौक थाना छावनी जिला दुर्ग छग, कन्हैया साहू पिता रघु साहू (25 साल) वार्ड क्रमांक 32 थाना छावनी जिला दुर्ग छग का होना बताया। वाहन की जांच करने पर आरोपियों ने पीछे सीट में एक प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखना बताया। जिसे सोहेला के आगे ओडिशा से भिलाई (छत्तीसगढ) ले जाना बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 2 लाख रुपये एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन, 03 नग मोबाईल को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20बी (दो)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# यूपीएससी में चयनित संजय डहरिया को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

यूपीएससी में सफलता हासिल करने वाले जिले के प्रतिभाशाली युवा संजय डहरिया को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सम्मानित किया। कलेक्टर ने संजय डहरिया को गुलदस्ता एवं मोमेंटो भेंट करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई। कलेक्टर ने कहा कि यूपीएससी की चयन सूची शामिल होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। शारीरिक परेशानी होते हुए भी आपने मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल किया जो असाधारण है। उन्होंने कहा कि आपने न केवल अपने माता-पिता, परिवार और समाज के साथ जिला महासमुंद का नाम रोशन किया है, बल्कि हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे हैं।

# जिले में दो खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाए जाने पर विक्रय के लिए प्रतिबंधित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में कुछ खाद्य पदार्थों के बैच को असुरक्षित घोषित किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 36 की उपधारा (3)(ख) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित खाद्य पदार्थों के बैच क्रमांक को जिले में विक्रय हेतु प्रतिषिद्ध किया गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार फाइन बेसन ब्रांड टाटा सम्पन्न का बैच क्रमांक जीवी 5 एच 0844 डी 1 निर्माण तिथि 08 अगस्त 2025, पैकिंग 500 ग्राम को असुरक्षित पाया गया है। यह उत्पाद टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड 1 बिशप लेफ्रॉय रोड, कोलकाता पश्चिम बंगाल द्वारा निर्मित है तथा इसका परीक्षण राज्य खाद्य परीक्षण काली लैब प्राइवेट लिमिटेड भोपाल, मध्य प्रदेश में किया गया। इसी तरह पैकेड पान पसंद खाद्य उत्पाद के संबंध में भी परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसमें तंबाकू अधिक मात्रा में पाया गया है। बैच नंबर, पैकिंग तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि एवं निर्माता फर्म का विवरण उपलब्ध नहीं पाया गया है। उक्त उत्पाद को भी असुरक्षित मानते हुए जिले में इसके विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका परीक्षण राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी, रायपुर में किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के व्यापारियों एवं विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त खाद्य पदार्थों के प्रतिबंधित बैच का विक्रय न करें। यदि किसी दुकान या प्रतिष्ठान में ये उत्पाद पाए जाते हैं तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** कंचनपुर से मोहगांव के रास्ते में एक बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल हो गए। सांकरा पुलिस ने बताया कि 12 जनवरी को अश्वनी प्रधान पिता बिसीकेशन प्रधान निवासी लोहरीनडोंगरी थाना सांकरा अपनी डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 सीएच 4991 में अपनी पत्नी ललिता प्रधान व पुत्री के साथ ग्राम मोहगांव जा रहा था, शाम करीबन 4.30 बजे कंचनपुर से मोहगांव जाने के रास्ते पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचसी 8893 के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अश्वनी प्रधान के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट में अश्वनी और उसकी पत्नी घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एमवी एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**जिले में लगभग 2.7 लाख हेक्टेयर में हो रही खेती**

# कहीं-कहीं से हल्की बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी दिनों में मौसम में बदलाव के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में हल्की बारिश, बादल छाने और तेज हवा चलने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में जिले में खेती-किसानी पर इसका प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक मार्च महीने में प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच चुका है और आने वाले दिनों में इसमें 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी संभव है। वहीं मौसम में बदलाव के कारण कहीं-कहीं हल्की बारिश या तेज हवा का प्रभाव भी देखा जा सकता है।

जिले में कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार लगभग 2.7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की जाती है। इसमें प्रमुख रूप से धान, चना, मसूर, सरसों और सब्जी फसलें शामिल हैं। रबी सीजन में लगभग 60 से 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में दलहन और तिलहन फसलें ली जाती हैं। वर्तमान समय में चना, मसूर और सब्जी फसलें पकने की अवस्था में हैं।



कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इस दौरान तेज हवा या बारिश होती है तो चना और मसूर जैसी फसलों में गिरावट (लॉजिंग) और दाना झड़ने की समस्या हो सकती है। वहीं सब्जी फसलों में फूल और फल गिरने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बारिश हल्की रहती है तो इससे खेतों में नमी बढ़ेगी और कुछ फसलों को लाभ भी मिल सकता है। लेकिन, तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश होने की स्थिति में नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

कृषि विभाग के अफसरों की मानें तो किसान मौसम को देखते हुए फसलों की कटाई समय पर करें और खेतों में तैयार फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें। सब्जी उत्पादक किसानों को भी पौधों को सहारा देने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

# भागवत कार्यक्रम में मंगलसूत्र छीनकर भाग रही महिला पकड़ी गई

**महासमुंद।** भागवत कार्यक्रम के दौरान एक महिला का मंगलसूत्र छीनने वाली आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यमुना बाई साहू पति भूपाल साहू (40 साल) सलखंड चौकी भंवरपुर 11 मार्च को ग्राम उड़ेला में श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम अपने परिवार के साथ आई थी। रात करीब 7 बजे कार्यक्रम समाप्ति पश्चात अपनी बहू राजेश्वरी साहू के साथ महिला भोजनालय में खाना खाने गई थी। खाना खाने के लिए वह लाइन में खड़ी थी, तभी पीछे से एक महिला ने उसका मराठी मंगलसूत्र काला मोती सहित अनुमानित वजन करीबन 12.79 मिली ग्राम है जो करीबन कीमत 80000 रुपए को खींचकर भागने लगी। जब वह चिल्लाई तो आसपास की महिलाओं और महिला पुलिस ने आरोपी महिला को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी महिला ने अपना नाम नाम सोना गरूडी पति किशन धनदई (30 साल) साई पारा रेडा थाना कोतवाली सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ होना बताया। आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 304(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

### घोघरा में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम घोघरा (तेंदूकोना) में 12 मार्च से आगामी 18 मार्च तक संगीतमय शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। कथा वाचक पं. डिगेश्वर प्रसाद तिवारी होंगे। 12 मार्च को कलश यात्रा, गौरी पूजन, देवराज कथा के शिव महापुराण का शुभारंभ हुआ। 13 मार्च शुक्रवार को शिवलिंग महिमा एवं त्रिगुण धारण व रूद्राक्ष महिमा, 14 को नारद मोह, जालंधर वध, 15 को सती चरित्र, पार्वती जन्म कथा, शिव विवाह, 16 को गणेश, कार्तिक जन्म कथा एवं तारकासुर वध, 17 को अर्द्धनारेश्वर कथा एवं त्रिपुरासुर का वध, 18 को बारह ज्योर्तिलिंग कथा, हवन पूजन के बाद पूर्णाहुति की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश मीडिया टीम की घोषणा, सहसंयोजक, प्रवक्ता और पैनलिस्ट नियुक्त

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय ने मीडिया टीम का पुनर्गठन करते हुए नई नियुक्तियां की हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी द्वारा यह सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार प्रदीप साहू, गोविन्दा गुप्ता और राहुल राय को प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। वहीं पार्टी ने प्रदेश स्तर पर 10 प्रवक्ताओं की नियुक्ति भी की है, जिनमें गौरीशंकर श्रीवास, मुकेश शर्मा, अनुराग अग्रवाल, राजीव चक्रवर्ती, सुनील चौधरी, जसविंदर बग्गा, रविन्द्र सिंह, वैभव बैंस, तौकीर रजा और उमेश घोड़मोड़े शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी ने मीडिया पैनलिस्ट की सूची भी जारी की है। मीडिया पैनलिस्ट के रूप में राजू नेताम, गोपाल बिष्ट, दयावंत धर बांधे, डॉ अनामिका सिंह. रितेश मोहरे, निशिकांत पांडेय, वात्सलय मूर्ति, गंदर्भ पाण्डेय, प्रियदर्शिनी दिव्य, पीयूष मिश्रा और संतोष दास को जिम्मेदारी दी गई है।

### रूपेश बने साहू समाज न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के



उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया है। जिसमें न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक रूपेश साहू को बनाया गया है, जबकि युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी शशिकांत साहू को दी गई है। इसके अलावा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजकुमार साहू, सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ के संयोजक लीलाधर साहू तथा साहित्य सृजन प्रकोष्ठ के संयोजक माखन राम साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं किसान प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी चोवा राम साहू को दी गई है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक दिव्या कलिहारी और आईटी सेल प्रकोष्ठ के संयोजक द्वारिका साहू बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने सभी नवनियुक्त संयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाजहित में संगठन को नई दिशा और गति देंगे।

### सुधीर बने प्रदेश कार्यालय मंत्री

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी



झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ ने सुधीर दुबे को प्रदेश कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### संत बाबा गेलाराम साहेब का जन्मोत्सव आज

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब का 96वां जन्मोत्सव 12 मार्च को धूमधाम, श्रद्धा, हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से व महंत मीरा अम्मा देवी के सानिध्य में होगा। महंत अम्मा मीरा देवी द्वारा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे स्वल्पाहार व प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल, कई बड़े राज्यों को पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। राज्य ने अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। जारी रैंकिंग के अनुसार छत्तीसगढ़ ने 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर और 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 30 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की दर मात्र 7.07 प्रतिशत और लंबित शिकायत दर 4.96 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मैदानी अमले को बधाई देते हुए कहा, राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान इस दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही छत्तीसगढ़ आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा, सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय, प्रतिबद्धता और समयबद्ध कार्यशैली के परिणामस्वरूप ही राज्य यह मुकाम हासिल कर पाया है।

## मुख्यमंत्री और मंत्री राजवाड़े ने दी बधाई





छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया

### 72 करोड़ 24 लाख हितग्राहियों के खाते में अंतरित

मंत्री राजवाड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस प्रथम स्थान को बनाए रखेगा तथा प्रदेश की प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाएगा। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश में 1,86,586 गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 72 करोड़ 24 लाख 89 हजार रुपये की राशि सीधे पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है।

## ग्रीन गुफा के समर्थन में वन विभाग ने हाईकोर्ट में दाखिल शपथ पत्र के साथ अटैच अपनी ही रिपोर्ट में फंसा


# पैसे कमाने वन विभाग ग्रीन गुफा को कोटमसर की तरह शो-केव बनाने की कोशिश कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के वन विभाग के अफसर कांगेर वैली में ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोलने जी जान से जुटे हुए हैं। ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोले जाने के खिलाफ पर्यवरण प्रेमियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोलने हाईकोर्ट में शपथ पत्र के साथ एंबिएंस साइंस की नेशनल केव रिसर्च एंड प्रोटेक्शन आर्गेनाइजेशन इंडिया की रिपोर्ट पेश की है। एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट में कोटमसार को लेकर टिप्पणी की गई है। इसमें उल्लेख किया गया है कि कोटमसर को वन विभाग के अफसरों ने पैसा कमाने के लिए शो केव बना दिया है।

हाईकोर्ट में पेश एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कांगेर वैली नेशनल पार्क में कई खूबसूरत गुफाएं हैं। मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद ये गुफाएं टूरिस्ट के लिए खास जगह बन गई हैं और उनमें से कुछ को टूरिस्ट के लिए शो केव में बदल दिया गया है, जिससे बहुत ज़्यादा कमाई होती है। बदकिस्मती से, गुफा के अंदर इंसानों के बढ़ते दबाव ने न सिर्फ इसके ईको सिस्टम को खराब किया है, बल्कि इसकी बायोडायवर्सिटी को भी खत्म कर दिया है।





### पानी आने के रास्ते को किया बंद

बारिश के दिनों में ग्रीन गुफा के अंदर तेजी से पानी अंदर घुसता है। एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट के अनुसार वन विभाग के अफसरों ने ग्रीन गुफा के पास एक वेलकम गेट बनाया है और उसके बेस पर दो सीमेंट कंक्रीट की सीढ़ियां बनाई हैं। यह स्ट्रक्चर (सीढ़ियां) गुफा में बारिश के पानी के नैचुरल फ्लो को रोकेगा। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि बारिश का पानी गुफा में न जाए और मानसून के बाद ग्रीन केव को जल्द से जल्द विजिटर्स के लिए फिर से खोला जा सके।

### कई बायोटिक कम्पोनेंट्स इस गुफा में आते हैं

रिपोर्ट्स के अनुसार ग्रीन केव में बहुत सारी बायोडायवर्सिटी है, क्योंकि इसका एंट्रेंस चौड़ा है, इसलिए कई बायोटिक कम्पोनेंट्स इस गुफा में आते हैं जो आखिर में इस गुफा के जानवरों की स्पीशीज को सपोर्ट करते हैं। कांगेर वैली नेशनल पार्क की दूसरी गुफाओं में देखी गई कुछ आम कैवर्निकोल्स स्पीशीज के अलावा। दिलचस्प बात यह है कि इस ग्रीन केव में, मेगाडर्मा लायरा की एक कॉलोनी मिली थी और यह स्पीशीज कांगेर वैली नेशनल पार्क की किसी भी गुफा में नहीं देखी गई थी। मेगाडर्मा लायरा एक मांसाहारी चमगादड़ है जो आमतौर पर दूसरे चमगादड़ों, छोटे पक्षियों, रेप्टाइल्स, मछलियों और बड़े कीड़ों का शिकार करता है। इस तरह, यह बहुत साफ है कि इस चमगादड़ को ग्रीन केव में न सिर्फ पनाह मिल रही है, बल्कि वह आसानी से अपना शिकार भी कर रहा है।

### विभागीय अफसर की विरोधाभाषी रिपोर्ट

*दो माह पूर्व 18 जनवरी को जब सीढ़ियों का कंस्ट्रक्शन चल रहा था तब पीसीसीएफ (मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन) कौशलेंद्र कुमार ग्रीन केव साइट का इंस्पेक्शन करने गए थे। अफसर ने अपने इंस्पेक्शन नोट में लिखा है कि उन्हें एक फॉरेस्ट गाईस ने बताया कि ग्रीन केव भालुओं का घर है। उन्होंने ग्रीन केव को उसकी नेचुरल कंडीशन में बचाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि ग्रीन केव को टूरिस्ट के लिए खोलना सही नहीं होगा। इसके बाद, 29 जनवरी को अफसर ने अपनी सिफारिशें इंद्रावती टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर के साथ चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरुण पाण्डेय को भेजी।*

### वाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट में अपराध है

*राष्ट्रीय तथा संरक्षित वनक्षेत्र में वन्यजीवों के रहवास क्षेत्र के साथ बायोडायवर्सिटी में किसी तरह की छेड़छाड़ करने के साथ ही वन्य जीव के आवास क्षेत्र में निर्माण करने पर रोक है। इस तरह के कृत्य करने पर वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की सेक्शन 35(6) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।*

## दिल्ली में अमृत मित्र महोत्सव छग की 75 महिलाएं रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और महापौर मीनल चौबे ने बुधवार को रायपुर रेल्वे स्टेशन से छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरीय निकायों की स्वसहायता समूहों की 75 महिलाओं को रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी महिलाएं 13 मार्च को भारत मंडपम नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में शामिल होंगी।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिये यह गौरव का विषय है कि, अमृत मित्र महोत्सव में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों से 75 स्व-सहायता समूहों के महिलाओं द्वारा भाग लिया जा रहा है। इनमें रायपुर नगर पालिक निगम से 15 महिलाएं, बिलासपुर नगर पालिक निगम से 15 महिलाएं, लोरमी नगर पालिका से 15 महिलाएं, मुंगेली नगर पालिका से 15 महिलाएं, रतनपुर नगर पालिका से 7 महिलाएं एवं कोटा नगर पंचायत से 8 महिलाएं भाग लेंगी। महिलाओं के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गयी है।

श्री साव ने बताया कि अमृत मित्र महोत्सव में देश के सभी प्रदेशों से कुल 1 हजार स्व-सहायता समूह की महिलाएं भाग लेंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, सूडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, उपायुक्त अमृत मित्र योजना जसदेव सिंह बाबरा सहित छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण एवं नगर पालिक निगम रायपुर के अन्य संबंधित अधिकारियों, रेलवे अधिकारियों, रेलवे पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## महिला दिवस पर ट्रैफिक सिपाही पुष्पा का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक की धर्मपत्नी परमजीत कौर जुनेजा ने रायपुर की लेडी सिंघम कहलाने वाली तेजतर्रार महिला ट्रैफिक सिपाही पुष्पा सोनी को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मनित किया। ज्ञात हो कि आम राहगीरों को ट्रैफिक नियम का पालन करने उन्हें सीख देकर अपने कार्य के प्रति सजग रही हैं। सोनी ने इस सम्मान से जुनेजा सहित पूरे राजधानीवासियों का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही हमेशा सहयोग की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय सोनी, कमल धृतलहरे, सत्तू सिंह, सुशांत डे, मिलिंद गौतम, रूबल मेहता, युधिष्ठिर नायक, गुलाब माखीजा, सेवक महानंद, सागर तांडी, मकरंद तांडी, विजय सिक्का, आकाश नाग सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### चेट्रीचंड्र पर्व पर एक सजीव नाटक मंचन 13 को

**रायपुर।** चेट्रीचंड् के पावन पर्व के अवसर पर सामाजिक संस्था एक पहल' और द्वारा मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में 13 मार्च को एक सजीव नाटक मंचन का आयोजन किया जा रहा है जिसका नाम है और मुहिंजा झूलेलाल। यह कार्यक्रम मुंबई की प्रसिद्ध नाट्य संस्था सिंधु सखा संगम द्वारा आयोजन किया जाएगा। यह नाट्य मंचन शाम 6 से 9 बजे तक किया जाएगा। इस नाट्य मंचन में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी एवं प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया पिछले 2 महीने से लगातार तैयारियां की जा रही है।

## भक्त माता कर्मा की खंडित प्रतिमा की निगम ने ली सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी के तेलघानी नाका चौक में स्थापित साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की अनदेखी और उसके खंडित होने को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने गांधी सदन में सामान्य सभा के दौरान यह मामला जोर-शोर से उठाया था। सदन में प्रतिमा की खंडित हुए फोटो दिखाते हुए सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया। इसके बाद भी 6 माह बीतने पर शहरी सरकार ने भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की सुध नही ली। इस पर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने 28 फरवरी को एक बार फिर निगम प्रशासन को आगाह करते हुए चेतावनी दी कि जल्द यदि भक्त कर्मा माता की प्रतिमा में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

### नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सदस्यों ने सीएम से की मुलाकात, विधानसभा का किया भ्रमण

**रायपुर।** हाल ही में नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। क्लब के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण कर क्लब के सदस्यों ने राजिम विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में



विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री सभा कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री में नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ऑयल कंपनी के एसईआरपीएल में लगी भीषण आग, टैंक की छत उड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

### अग्निशमन दलों ने 20 मिनट में पाया काबू



इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एसईआरपीएल रायपुर परिसर में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के लिए बुधवार को जिला स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान ऑयल कंपनी के ऑयल टैंक में ओवरफ्लो होने से भीषण आग लगने के बाद टैंक की छत उड़ जाती है जैसी घटना घटित होने पर बनने वाली स्थिति से कैसे निपटा जाए। इसका अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में जिला प्रशासन तथा विभिन्न आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मॉक ड्रिल की शुरुआत दोपहर 12:18 बजे एमएस ट्रांसमिक्स टैंक से उत्पाद के ओवरफ्लो की परिकल्पित स्थिति से की गई, जिसके बाद लेवल-1 आपातकाल घोषित किया गया। उत्पाद की निकासी के दौरान 12:24 बजे काल्पनिक आग लगने की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे लेवल-2 आपातकाल घोषित किया। स्थिति के और गंभीर होने पर टैंक की छत उड़ जाने की काल्पनिक स्थिति मानते हुए 12:31 बजे लेवल-3 आपातकाल घोषित किया। इसकी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने मौके पर कमान संभाली और तत्काल अग्निशमन दलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12:40 बजे तक आग पर नियंत्रण पा लिया। इसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण होने के बाद जिला प्रशासन ने दोपहर 1:10 बजे 'ऑल क्लियर' घोषित कर मॉक ड्रिल का सफल समापन किया।

इस मॉक ड्रिल में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, एडीएम रायपुर उमाशंकर बंदे, प्रभारी अधिकारी राहत शाखा एवं डिप्टी कलेक्टर उपेन्द्र किण्डो, एसडीएम आरंग अभिलाषा पैंकरा, सीएसपी माना, तहसीलदार ज्योति मसियारे एवं नायब तहसीलदार आरंग, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अधिकारी, जिला चिकित्सा टीम, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं आपातकालीन दल उपस्थित रहे।

## दो साल से फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वर्ष 2024 में हुई मारपीट मामले के तीन आरोपी न्यायालय में पेश न होकर फरार चल रहे थे। न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिल करते हुए केरेगांव पुलिस ने फरार तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल दाखिल किया है।

पुलिस के अनुसार जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामिली सुनिश्चित करने एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में केरेगांव थाना ने लगातार पतासाजी करते हुए अपराध क्रमांक 53/24 धारा 296बी, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के प्रकरण में कार्रवाई की है। उक्त प्रकरण वर्ष 2024 के मारपीट से संबंधित है। आरोपी न्यायालय से वारंट जारी किए जाने के बावजूद



न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। केरेगांव पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी कर न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिली करते हुए तीनों आरोपी कल्याण सिंह बंजारे पिता रामसाय उम्र 60 वर्ष, पत्नी जानकी बाई बंजारे उम्र 50 वर्ष व पुत्र ओंकार बंजारे 32 वर्ष तीनों ग्राम सलोनी थाना केरेगांव निवासी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## कल से दो दिवसीय 'आदि परब-2026' का आयोजन, 6 राज्यों के कलाकार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की परिकल्पना और निर्देश पर 13 और 14 मार्च को नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 'परम्परा से पहचान तक'-आदि परब-2026 का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी टीआरटीआई में विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और प्रशिक्षण संस्थान के संचालक हिना अनिमेष नेताम ने दी।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत "आदि-



परिधान जनजातीय अटायर शो" का आयोजन 13 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 8 बजे तक और 14 मार्च को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। आयोजन में राज्य की 43 जनजातीय समुदायों की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक विशेषताओं को पहली बार एक ही मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्राकृतिक रंगों, स्थानीय संसाधनों और हाथों से बने वस्त्रों से तैयार ये परिधान जनजातीय जीवन शैली और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश देंगे।

### यूपीएससी में चयनित जनजातीय युवाओं का होगा सम्मान

*कार्यक्रम के दौरान संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में छत्तीसगढ़ से आदिम जाति विकास विभाग की योजनाओं के सहयोग से चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी डायमंड सिंह ध्रुव और अंकित साकनी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर 'प्रयास' संस्थान के विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं के तहत लैपटॉप भी वितरित किए जाएंगे।*

## घर पर बेहोश पड़ा मिला युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ हार्ट अटैक की आशंका

राजस्थान से कमाने खाने के लिए आया युवक किराए के मकान में अचेत पाया गया। अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार जस्सारामं जाट पिता खियाराम उम्र 43 वर्ष ग्राम जाखडौली जोधपुर राजस्थान का रहने वाला था।

युवक कमाने खाने के लिए धमतरी आया था। वह शांतिघाट के पास किराए के मकान में रहकर ट्रेक्टर चलाने का काम करता था। युवक ने बुधवार की सुबह तबीयत ठीक नहीं होने की जानकारी दी। पत्नी को दर्द की दवाई लेना भी बताया। कुछ समय बाद उसकी



पत्नी ने तबीयत पूछने के लिए पति को फोन लगाया लेकिन पति की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। दोपहर बाद पत्नी ने दोबारा पति को फोन लगाया। इस बार जस्साराम का फोन किसी अन्य व्यक्ति ने रिसीव किया। उसने जस्साराम की मौत हो जाने की जानकारी दी।

सूचना पर वरदान संस्था की टीम ने युवक को अचेत हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटेभाई राजूराम व अन्य परिजनों के आने के बाद चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत हार्टअटैक से होने की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से युवक की मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खबर संक्षेप**



## कफ सिरप की तस्करी एक गिरफ्तार

**सरायपाली।** कफ सिरप का अवैध परिवहन कर रहे एक बाइक सवार को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा नशीली दवाओं के अवैध तस्करी पर नियंत्रण व प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी बीच सूचना मिली कि बाइक क्रमांक ओआर 15 एम 1143 में अवैध कप सिरप लाया जा रहा है। पुलिस ने रेहटीखोल पहुंच कर उक्त बाइक को रोका। पूछताछ में वाहन चालक नेअपना नाम मोहम्मद रियाज पिता मोहम्मद ताज (46 साल) मोतीझरन थाना धनुपाली जिला संबलपुर हाल निवास वार्ड नंबर 15 माता दरबार फोगुलाल सोनवानी के मकान बसना होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 27 नग कफ सिरप कीमत 5492.88 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## सोनी समाज का होली मिलन आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज धमतरी द्वारा 13 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक स्वर्णकार समाज भवन ब्राह्मणपारा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। अतिथि पार्षद कोमल सार्वा, कुलेश सोनी होंगे। अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## सिवनीकला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं धर्मप्रेमी परिवार सिवनीकला के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गौशाला मैदान भागवत कथा स्थल में 13 मार्च शुक्रवार को रखा गया है। विशेषज्ञ विभिन्न रोगों का इलाज कर उचित परामर्श देंगे। लंदन से प्रशिक्षित डॉक्टर्स भी शिविर में सेवाएं देंगे। शिविर में ऑडियोमेट्री (सुनने की क्षमता जांचने वाला टेस्ट) निःशुल्क किया जायेगा।

## जरही माता मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन शुरू

**धमतरी।** ग्राम सांकरा स्थित प्रसिद्ध जरही माता मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान प्रज्वलित किए जाने वाले ज्योति कलश के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# माता सावित्री बाई फुले समूह ने महिला दिवस पर नारी शक्ति का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम चकरदा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर माता सावित्री बाई फूले समूह द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भव्य महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेविका एवं माता सावित्री बाई फूले समूह की अध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बालमति रेशम पटेल, सरपंच पूर्णिमा साहू तथा सरपंच राधा राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की जात्यक्रम प्रभारी समाजसेविका एवं प्रखंड संयोजिका डॉ. नमिता साहू रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला सह-संयोजिका ललिता सिदार ने किया, जबकि प्रखंड सह-संयोजिका विमला दास ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में रेनुका साहू एवं तेजबाई पटेल का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्री बाई फूले समूह द्वारा आयोजित यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में समारोह लगातार 13वें कार्यक्रम रहा जो पिछले कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से यह कार्यक्रम निरंतर चल रहा है और इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं को सम्मान, प्रोत्साहन और सशक्तिकरण का मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा और नेतृत्व जैसे अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को प्रेरणा मिलती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि




महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा माता सावित्री बाई फूले समूह के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान समाज में प्रेरणादायी कार्य करने वाली कई महिलाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान किया गया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती सविता वर्मन को सम्मानित किया गया। महिलाओं के कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए तिलेश्वरी पटेल को सम्मान दिया गया। महिला स्वास्थ्य एवं देखभाल के लिए शशी तिर्की को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट सामाजिक सेवा के लिए शुकुलता (शुभा सेवा संस्थान) को सम्मान प्रदान किया गया। सुरक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए विमला दास को सम्मानित किया गया। वहीं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सुरेंद्री पटेल को भी सम्मान से नवाजा गया। समारोह में ग्रामीण महिलाओं की बड़ी और उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए कई रोचक और प्रेरणादायक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें रस्साकशी, प्रश्न मंच तथा अन्य सांस्कृतिक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का माहौल पूरे समय उत्साह और ऊर्जा से भरा रहा। फागुन मोती सिदार, मोहर बाई पटेल, निर्मला पटेल, हारा चौहान, मीना सेन, अनिता पटेल, नागेश्वरी यादव, कचराबाई सिदार, कारा बाई, लायबानी सिदार चमेली पटेल, सजनी पटेल, लक्ष्मीन पटेल सहित उपस्थित अन्य महिलाओं ने इस आयोजन को न केवल एक उत्सव के रूप में बल्कि अपनी शक्ति, प्रतिभा और आत्मविश्वास के प्रदर्शन के रूप में भी देखा। ग्राम चकरदा में आयोजित यह कार्यक्रम नारी सम्मान और सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया। सभी अतिथियों, सहयोगियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# तहसील के सामने एक दिवसीय अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गालिब हुसैन गुरुवार को तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय अमरण अनशन पर बैठ गए। गालिब हुसैन ने बताया कि राजस्व विभाग में लंबित राजस्व प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी राजस्व मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व विभाग में वर्षों से जमे कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग भी उठाई है, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। गालिब हुसैन ने विधानसभा क्षेत्र में हो रही अवैध प्लॉटिंग पर भी रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि भू-कारोबारियों द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही रजिस्ट्री कार्यालय में हो रहे कथित भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत जंगलबोड़ा में प्रस्तावित सोलर प्लांट के मामले को लेकर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस विषय को लेकर समस्त ग्रामवासी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं, जिसका शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है। गालिब हुसैन ने चेतावनी दी कि यदि जनहित से जुड़े इन मुद्दों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रशासन से जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने की मांग की।

# सरायपाली में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन आयोजित की गई। बैठक में हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के समयपूर्व चिन्हांकन, उनके नियमित फॉलोअप एवं काउंसिलिंग, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम, टीकाकरण की प्रगति, शिशु मृत्यु एवं मातृ मृत्यु ऑडिट जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही प्रत्येक शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर कुपोषित बच्चों के लिए आयोजित किए जा रहे विशेष शिविरों की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, प्रभारी सीडीपीओ दीक्षा बारीक सहित महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।



**श्रृंगार भेंट**



**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम पंचायत अछोला में देवनाथ साहू की पुत्री द्रोपदी साहू को विवाह में श्रृंगार भेंट देने के लिए पहुंचे। इस दौरान अछोला के सरपंच संतोष कुमार साहू, विश्वनाथ धीवर, उपसरपंच अछोला मिथलेश साहू, आनंद राम साहू आदि मौजूद रहे।

# आमाकोनी सबस्टेशन की क्षमता बढ़ी, 19 गांवों को मिलेगी लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए बिजली से जुड़ी समस्याओं में अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आमाकोनी 33/11 केवी सबस्टेशन की क्षमता में वृद्धि की गई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सबस्टेशन के ट्रांसफार्मर का अपग्रेडेशन किया गया, जिसके तहत इसकी क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दी गई है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से क्षेत्र के 19 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इन गांवों में लंबे समय से बिजली की बढ़ती मांग के कारण लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग की समस्या बनी हुई थी। विद्युत विभाग के अनुसार सबस्टेशन की क्षमता बढ़ने से अब क्षेत्र में होने वाली ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।



खासकर कृषि सीजन के दौरान किसानों को बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या से भी राहत मिलेगी, जिससे सिंचाई कार्य सुचारू रूप से हो सकेगा। इस कार्य के दौरान अधीक्षण अभियंता वाईके मनहर, कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा, एसटीएम कार्यपालन यंत्री आरके चौहान तथा प्रोजेक्ट कार्यपालन यंत्री महेश नायक सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नव्या प्रोजेक्ट के तहत किशोरी बालिकाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत नव्या प्रोजेक्ट के तहत सिलाई एवं कम्प्यूटर कोर्स में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। यह केंद्र सरकार की एक पहल है जिसे कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य 10वीं उत्तीर्ण 16 से 18 वर्ष के किशोरी बालिकाओं को विभिन्न रोजगारों में कुशल बनाना है ताकि रोजगार को बढ़ावा मिल सके। यह विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप है और आकांक्षी जिलों पर केंद्रित है। जिसके लिए सिलाई एवं कम्प्यूटर कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत महासमुंद अथवा लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद में आवेदन सहित 01 फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। इसी तरह जिले में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। जिसके तहत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन सीसीटीवी इंस्टालेशन टेक्निशियन सोलर पैनल इंस्टालेशन टेक्निशियन जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एंड जल वितरण संचालक सेल्स पर्सन डिस्ट्रिब्यूशन आईटी टेक्निकल सपोर्ट एसोसिएट कोर्स में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। साथ ही साथ प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को रोजगार से जोड़ने एवं स्वरोजगार स्थापित कराए जाने में सहायता की जाएगी। प्रशिक्षण का संचालन लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन बिरकोनी एवं आईटीआई सरायपाली में किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत महासमुंद अथवा लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद, लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंसन बिरकोनी/आईटीआई सरायपाली में आवेदन सहित 01 फोटो शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

## कर्मा सेना तुमगांव मंडल अध्यक्ष विजय, महासमुंद शहर अध्यक्ष तेजा व खलारी विधानसभा कोषाध्यक्ष बने दुर्गेश

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक अशवंत तुषार साहू के अध्यक्षता में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वावधान में आयोजित बैठक में सर्व सहमति से महसमुंद जिला स्तरीय गठन हुआ। जिसमे तुमगांव मंडल अध्यक्ष विजय साहू, महासमुंद शहर अध्यक्ष बने तेजा साहू व खलारी विधानसभा अध्यक्ष कोषाध्यक्ष दुर्गेश साहू बने। पुष्पमाला पहनाकर तेजा साहू व दुर्गेश साहू, विजय साहू का भव्य स्वागत हुआ और बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किए।



## जिले में 17 मार्च से शिशु संरक्षण माह अभियान की शुरुआत

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 मार्च से 21 अप्रैल तक शिशु संरक्षण माह अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को विशेष स्वास्थ्य सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ पोषण संबंधी सेवाएं भी प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया जाएगा तथा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड सिरप वितरित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण, एनीमिया तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम करना है, ताकि बच्चों का समुचित शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रभावी संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक बच्चों तक इस अभियान का लाभ पहुंचाया जा सके। डॉ. राव ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य लेकर आएं, ताकि बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन की खुराक देकर उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए बच्चों की आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखने में सहायक होता है तथा रतौंधी से बचाव करता है। इसके साथ ही यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे वे संक्रमण से बेहतर तरीके से लड़ पाते हैं और उनकी शारीरिक वृद्धि एवं विकास भी बेहतर होता है। अभियान के दौरान बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, एनीमिया की जांच की जाएगी तथा अभिभावकों को पोषण और स्तनपान संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा।

# कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को दी गई आशीर्वाद सहित भावभीनी विदाई



**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के साथ आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा पांचवी उत्तीर्ण करने के बाद ये विद्यार्थी उच्च प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य विद्यालयों में अध्ययन हेतु जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा शिक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें गीत, कविता एवं नृत्य शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आनंदमय और यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के रूप में टिफिन बॉक्स, पेन एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

क्र/2777 तह./वा./2026
कोमाखान, दिनोंक 12/08/20
रा.प्र.क्र.... ..ब/ 121 / वर्ष 2025-26
ग्रामः नर्रा, प.ह.न. 20 रा.नि.मं नर्रा
तहसीलः- कोमाखान जिला :- महासमुन्द

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनका को सूचित किया जाता है कि, आवेदक धनऊराम निषाद पिता पुसाऊराम निषाद जाति केंवट उम्र 72 वर्ष निवासी नर्रा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनके पुत्र मोहन निषाद का मृत्यु दिनांक 26.11.2024 को ग्राम राजधानी विहार प्लाट नंबर 37 कचना रायपुर छ.ग. में हुआ है। किन्तु आवेदक की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक अपने पुत्र मोहन निषाद की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार नर्रा एवं रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) नर्रा को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) नर्रा के द्वारा आवेदक के पुत्र मोहन निषाद की मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपने पुत्र मोहन निषाद का मृत्यु दिनांक 26.11.2024 घटना पंजीकृत किए जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में पंजीकृत है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 01/04/2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 01/04/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

**ईश्तहार**

क्रमांक 2827 / क / भू. व्यप / अविअ / 2026
सरायपाली दिनांक 06/03/2026

आवेदक विश्वनाथ पिता त्रिलोचन निवासी भोथलडीह तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा भूमिस्वामी ग्राम भोथलडीह प.ह.नं. 35 में स्थित भूमि खसरा नंबर 773/1 रकबा 0.3100 हें. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 13.03.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

**महासमुंद।** भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में ग्राम खरोरा के गुडी चौक में पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। जहां मां दुर्गा की महाआरती एवं गुरुवर के जयकारे लगाकर महाआरती हुई। भगवती मानव कल्याण संगठन के टीम प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि गुरुवर समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशा मुक्त मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सद्मार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं ताकि समाज में सुख शांति प्राप्त हो सकें।



### मंदिर निर्माण के लिए मिली सहयोग राशि

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की कुलदेवी मां शीतला के नवनिर्माण मंदिर के लिए नगर के वरिष्ठ जन स्व नीलकंठ निर्मलकर की स्मृति में उनके पुत्र भारत निर्मलकर शाखा प्रबंधक जिला सहकारी समिति तुमगांव वार्ड नंबर 10 द्वारा मां शीतला के भव्य मंदिर निर्माण हेतु एक कालम निर्माण के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने की मांग

**महासमुंद।** जिले के युवाओं को



स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने जिले में भी प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि मोहला में 18 मार्च को आयोजित होने जा रहे प्लेसमेंट कैंप से वहां के युवाओं को निजी कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसी प्रकार की व्यवस्था महासमुंद जिले में भी की जानी चाहिए। जनपद सदस्य निधि लोकेश ने जिला प्रशासन और रोजगार कार्यालय से आग्रह किया है ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

## निधन

### साधना बंजारे

**महासमुंद।** घोड़ारी निवासी साधना



बंजारे (60 वर्ष) का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी तट घोड़ारी में किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजनों एवं मित्रगणों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे भुवन बंजारे की धर्मपत्नी तथा शिक्षक अजय बंजारे व संजय बंजारे की माता थीं।

### कांति गोस्वामी

**महासमुंद।** ग्राम खम्हारमुड़ा



निवासी कांति गोस्वामी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि तथा सतीश गिरि की माता थी। उनके निधन पर समाज के प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, अशोक गिरि, जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, रामेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, ईश्वर पुरी, डा. देवेश गिरि, नरेश बन, दुर्वासा गिरि, देवेंद्र गिरि, शंकर पुरी, मनोज गिरि, चंदन पुरी, अर्जुन गिरि, रवि प्रकाश गिरि, भीम बन, यशवंत गिरि आदि पदाधिकारियों ने शोक जताया है।

---

**सफलता की कहानी : हर महीने 80 हजार से अधिक कमाई**

# 10 हजार चूजों का वातानुकूलित मुर्गी फार्म चला रही मां लक्ष्मी महिला समूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम एमकेबाहरा की जय मां लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। आजीविका मिशन 150 के द्वितीय चरण के अंतर्गत समूह द्वारा स्थापित 10, 000 चूजों की क्षमता वाले एयर कंडीशनर मुर्गी फार्म का शुभारंभ जिला स्काउट गाइड के अध्यक्ष एतराम साहू एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार के द्वारा किया गया।



समूह की अध्यक्ष युगेश्वरी साहू बताती है कि समूह की सदस्य महिलाएं पहले मुख्य रूप से खेती-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। उनके पास आय का स्थायी साधन और पर्याप्त संसाधन नहीं थे, जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगा। समूह की सभी सदस्याओं ने मिलकर आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की और धीरे-धीरे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया। युगेश्वरी बताती है कि समूह को एनआरएलएम के तहत 15 हजार रुपए की चक्रीय निधि प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने छोटे स्तर पर मुर्गी फार्म की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से 60 हजार रुपये प्राप्त किए तथा बैंक लिंकेज के माध्यम से 1 लाख रुपये का ऋण लिया। व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने क्रमशः 2 लाख रुपये और 5 लाख रुपये का उद्यम ऋण भी प्राप्त किया। आजीविका को और विस्तारित करने के उद्देश्य से समूह ने बैंक से 10 लाख रुपये का ऋण लेकर आधुनिक एसी मुर्गी फार्म की स्थापना की। इस कार्य में अध्यक्ष युगेश्वरी साहू के पति सुरेश साहू के मार्गदर्शन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आज इस मुर्गी फार्म से समूह को लगभग 80 से 90 हजार रुपये तक मासिक आय प्राप्त हो रही है। इससे समूह की महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में काफी सुधार आया है। इस व्यवसाय के माध्यम से समूह की सदस्याएं आत्मनिर्भर बनी है। साथ ही अन्य सदस्यों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। बढ़ी हुई आय से वे अपने परिवार के पालन-पोषण, स्वास्थ्य, बच्चों की उच्च शिक्षा तथा जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सक्षम हो रही हैं। समूह की सदस्याओं का कहना है कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें आजीविका शुरू करने का साहस, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिला है। वे इस व्यवसाय को और आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं तथा राज्य शासन एवं बिहान योजना के प्रति आभार व्यक्त की हैं।



### तमोरा में विश्व प्लंबर दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन, लोगों को किया गया जागरूक

**खल्लारी।** जल उत्सव पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर विकासखंड बागबाहरा के ग्राम तमोरा में विश्व प्लंबर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना तथा जल प्रबंधन में प्लंबरों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच सेवाराम साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष पीलाराम साहू, सक्रिय महिला हेम बाई ध्रुव, उपसरपंच भागीरथी साहू सहित महिला समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत पंप ऑपरेटर राजेंद्र यादव को उनके सराहनीय कार्यों के लिए विभाग की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा सभी ने मिलकर जल बचाने का संकल्प लिया। साथ ही पाइपलाइन में होने वाले जल रिसाव को रोकने के लिए लीकेज मरम्मत का डेमो भी प्रस्तुत किया गया, जिससे ग्रामीणों को पानी की बर्बादी रोकने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई।



### केंवट समाज ने लिया प्रतिभा प्रोत्साहन का संकल्प

**खल्लारी।** निषाद केंवट समाज की एक महत्वपूर्ण महासभा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के शिक्षा, संगठन और प्रतिभा प्रोत्साहन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से 3.0 छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय निषाद केवट समाज छात्रवृत्ति परीक्षा–2026 के संबंध में विस्तार से जानकारी नंदकुमार निषाद एवं जानकी निषाद द्वारा दी गई। समाज के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाशाली बेटी मोनिता निषाद को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 15,000 की सहयोग राशि प्रदान की गई। यह राशि समाज के विभिन्न स्तरों की समितियों द्वारा संयुक्त रूप से दी गई, जिसमें क्षेत्र समिति 5,000, ब्लॉक समिति 5,000, जिला समिति 5,000, जिसमें कुल 15,000 नगद सहयोग राशि सामाजिक नागरिकों के कर-कमलों से बिटिया मोनिता निषाद के दादा को प्रदान की गई। इस अवसर पर जानकी निषाद (पूर्व प्रदेश सचिव, छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज) तथा नंदकुमार निषाद (प्रदेश संगठन सचिव) का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पीएमश्री सेजेस तुमगांव के शिक्षकों का दौरा

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सेजेस) तुमगांव के भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय के विशेषज्ञ शिक्षकों ने विद्यालय के आधुनिक सुविधाओं से युक्त विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालय का दौरा किया। इस दौरे में पीएमश्री सेजेस तुमगांव की शिक्षिका ज्योति सिंह, अंकिता ठाकरे, सविता ध्रुव, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा तथा शिक्षक सुरेश यादव, देवेश कुमार और सजल चंद्राकर ने भाग लिया। इन शिक्षकों का स्वागत एवं मार्गदर्शन पीएम केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कंसल ने किया। दौरे के दौरान शिक्षकों ने विद्यालय की उन्नत भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया, जहां आधुनिक उपकरणों, सुरक्षा मानकों तथा प्रयोगात्मक शिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था देखी गई। साथ ही, विद्यालय के समृद्ध पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया, जिसमें छात्रों के लिए विविध विषयों की पुस्तकें, पत्रिकाएं एवं डिजिटल संसाधन उपलब्ध हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेन्द्र अगलावे ने कहा कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रम शिक्षकों के बीच सर्वोत्तम अभ्यासों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) को साझा करने में सहायक होते हैं। इससे दोनों विद्यालयों के शिक्षण स्तर में और सुधार संभव होगा तथा छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

## अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश, राजस्व बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में आबकारी अधिकारी सुनील सूर्यवंशी द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर लंगेह ने निर्धारित राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष फरवरी तक 211 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 291 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है । इसे और बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर लंगेह ने ओडिशा एवं अन्य प्रांतों से आने वाली अवैध शराब की रोकथाम के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री पर भी कठोर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने हाइवे किनारे संचालित होटल-ढाबों की नियमित जांच करने तथा अवैध चखना सेंटरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार सूर्यवंशी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर तथा जिले के समस्त आबकारी उपनिरीक्षक उपस्थित थे।

# पालिका में टैक्स जमा करने के लिए बन रहा है नया राजस्व कक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के

- **समस्त करों का भुगतान एक ही कक्ष में कर सकेंगे नागरिक, पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया निरीक्षण**

विशेष प्रयास से पालिका द्वारा कर दाताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए एक सर्व सुविधा युक्त राजस्व कक्ष बनाया जा रहा है। जहां टैक्स जमा करने आने वाले नागरिकों के लिए पेयजल सहित बैठने की विशेष सुविधा रहेगी। उक्त नवीन कक्ष में मकान टैक्स, नल टैक्स सहित पालिका के समस्त करों का भुगतान जमा करने की सुविधा होगी। इस पहल से नागरिकों को टैक्स जमा करने भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। साहू ने कहा कि नागरिकों के हितों व सुविधाओं का ध्यान रखना पालिका का प्रथम दायित्व है। नवीन राजस्व कक्ष कर दाताओं के सुविधा के लिए बनाया जा रहा है। पहले अलग अलग कक्षों में भुगतान की प्रक्रिया से नागरिकों को परेशान होना पड़ता था। अब एक जगह सभी तरह के टैक्स जमा कर सकेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि पालिका आपको सुविधाएं देने की जिम्मेदारी तभी पूरी कर पाएगी जब आप भी अपनी जवाबदारी का पालन करेंगे। आपके टैक्स भुगतान से ही कर्मचारियों को वेतन मिलता है। समय पर कर जमा कर एक जिम्मेदार व जागरूक नागरिक होने का परिचय देवें। इस अवसर पर सीएमओ अशोक सलामे, रिंकू चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, शाहबाज राजवानी आदि उपस्थित रहे।

### होला मोहल्ला की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**महासमुंद।** बसना विकासखंड अंतर्गत गढ़फुलझर नानक सागर में आगामी 15 मार्च को होला मोहल्ला का आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह आज नानकसागर पहुंचे। यहां 15 मार्च को गुरुनानक देव के ऐतिहासिक स्थल नानक सागर में होला मोहल्ला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में भव्य गुरुद्वारा अस्पताल एवं यात्री निवास हेतु भूमिपूजन व अरदास भी किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां देश विदेश से सिख कमेटियों एवं अन्य प्रमुख दलों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में कमेटियों एवं प्रमुखजन आएंगे। कलेक्टर ने की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया एवं सुरक्षा, बेरिकेडिंग, साफ सफाई, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा सहित समिति के सदस्य रोमी सलूजा मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता के घर शादी में शामिल हुए अनेक कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के पूर्व उपाध्यक्ष



एवं तुसदा मंडल के पूर्व अध्यक्ष परस सोनवानी के सुपुत्र लोकेश के विवाह समारोह में अनेक कांग्रेसजन ग्राम डूमरडीह में शामिल होकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी विष्णु महानंद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष गण रवि निषाद, अंकित बागबाहरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष बसंता ठाकुर, नगरपालिका बागबाहरा के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि सेतराम बघेल, जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव राजेश सोनी, पूर्व सेक्टर प्रभारी गण मोहन कुलदीप, आशाराम मोगरे, दामेश्वर विश्वकर्मा, नंदकुमार निषाद, सरपंच प्रतिनिधि गण हितेश साहू, हीरादास टंडन, अमरूद यादव आदि काफ़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सबका साथ-सबका विकास करने वाली पुस्तकें ही बांटे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित भारत-विकसित संसार, सुखी समृद्ध व्यक्ति-सुखी समृद्ध परिवार के सोच को चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल महासमुंद अपना आधार भूत लक्ष्य मानती है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और निपुण भारत मिशन व मध्यस्थ दर्शन आधारित जीवन विद्या अध्ययन आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा के अंतर्गत मानवीय शिक्षा नीति को अक्षरशः कोकड़ी सरकारी स्कूल फॉलोअप करती है। इसी के तहत समग्र शिक्षा विभाग से जिले के सभी प्राथमिक विद्यालय के पुस्तकालयों को एफएलएन अंतर्गत मिली पुस्तकों के संबंध में चर्चा करने पर प्रधान अध्यापक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि अधिकांश पुस्तकें अकाल्पनिक हैं, ऐसे पुस्तकों को पढ़कर बच्चों का बौद्धिक विकास नहीं होगा, बच्चों में मानवीय मूल्यों का विकास नहीं होगा, बच्चों के भीतर तार्किक, प्रायोगिक और व्यवहारिक सोच-विचार उत्पन्न नहीं होगा,न ही बच्चों में सहयोग प्रवृत्ति और बड़ों का आज्ञापालन, स्वयं में विश्वास, प्रतिभा और व्यक्तित्व में संतुलन, व्यवहार में सामाजिकता,और व्यवसाय में स्वावलंबन का भाव भी विकास नहीं होगा,न ही बच्चों में




सही संबोधन का विकास होगा न ही बच्चों में कुछ अच्छा बनने के भावों का विकास होगा।

कोकड़िया ने बताया कि पूरे संसार के चींटी से लेकर हाथी तक, मजदूर से लेकर राष्ट्रपति तक का पेट भरने वाले अन्न दाताओं, धरती के भगवानों, किसानों को लालची कहा गया है। जबकि भारतीय जीवन शैली और भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार किसान ही हैं,जो तन मन धन से देश का, प्रकृति का,हवा का, मिट्टी का, पानी का, पेड़ पौधों का, पशु-पक्षियों का,और हर मानव का सेवा करते हैं।

# कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों ने सीखा कठपुतली बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में शिक्षकों के लिए आयोजित कठपुतली निर्माण कार्यशाला उत्साह और रचनात्मक माहौल में सफलतापूर्वक हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कला-आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ते हुए कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी और सहभागितापूर्ण बनाना था, ताकि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाया जा सके।



कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय डीआरजी टीम के सदस्य बलराम नेताम, केआर सोनवानी एवं नीलकंठ यादव द्वारा कठपुतली निर्माण की विभिन्न विधियों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षार्थियों को स्थानीय एवं सरल सामग्रियों की सहायता से कठपुतली बनाने के तरीके सिखाए गए तथा यह बताया गया कि कठपुतली के माध्यम से भाषा, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को कहानी और संवाद के रूप में बच्चों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है।

प्रशिक्षण के प्रभारी व्याख्याता संतोष साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में बच्चों को सक्रिय और रचनात्मक बनाना अत्यंत आवश्यक है। कठपुतली कला बच्चों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति क्षमता तथा आत्मविश्वास को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक कक्षा में कठपुतली का उपयोग करते हैं, तो बच्चे सीखने की प्रक्रिया में अधिक रुचि लेते हैं और विषय को सहजता से समझ पाते हैं। इस अवसर पर डाइट के प्राचार्य अरुण प्रधान ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में कठपुतली कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति अनुभव-आधारित, कला-आधारित और बालक-केंद्रित शिक्षा पर बल देती है। कठपुतली कला शिक्षण को आनंददायक और जीवन से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है, जो बच्चों में रचनात्मकता, समस्या-समाधान क्षमता तथा संचार कौशल का विकास करती है।वहीं किरण कन्नौजे ने अपने उद्बोधन में कहा कि कठपुतली केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने वाला एक महत्वपूर्ण टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल है। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कठपुतली निर्माण की प्रक्रिया को स्वयं करके सीखा तथा शिक्षण कार्य में इसके उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डाइट के प्राचार्य अरुण प्रधान, उपप्राचार्य उमा देवी शर्मा, के सिंह, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, शोभा द्विवेदी तथा ईश्वर चंद्राकर का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

